# लूट व डकैती की साजिश रचने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की पुर थाना पुलिस ने लूट व डकैती की साजिश रचने वाले चार आरोपियों को घटना करने से पूर्व ही गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से डकैती हेतु प्रयुक्त एक कार, दो मोटरसाइकिलें, एक तलवार, एक गुप्ती, 15 मोबाइल फोन व 16 सिमें भी बरामद की है।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई व आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर पारस जैन आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, भीलवाड़ा के निर्देशन व श्याम सुंदर विश्नोई आरपीएस वृताधिकारी, वृत सदर के सुपरविजन में टीम गठित कर आसूचना संकलित कर एनएच-48 पर लूट व डकैती की साजिश करने वाले चार आरोपियों को घटना से पूर्व गिरफ्तार कर लिया। एनएच 48 पर गश्त के दौरान गोपाल लाल सउनि व पुलिस टीम को सूचना मिली कि एनएच-48 पर स्थित अलास्का होटल के पास से अरिहन्त विहार जाने वाले रास्ते पर कुछ मोटरसाइकिलें व एक कार खड़ी है एवं 5-6 युवक एकान्त में झाड़ियों के बीच बैठकर कोई गम्भीर श्रेणी की घटना करने की योजना तैयार कर रहे हैं, जिस पर मौके पर पहुंचकर लूट व डकैती की साजिश करते हुए आरोपी दिनेश सिंह पुत्र शंकर सिंह पंवार निवासी चापानेरी थाना भिनाय जिला अजमेर हाल मण्डपिया थाना मंगरोप जिला भीलवाड़ा, अनुराग उर्फ चेतन पुत्र अमीत कोली निवासी नगरा थाना अलवर गेट जिला अजमेर हाल तिलक नगर शिव मंदिर के पास, नई दादाबाड़ी थाना भीमगंज जिला भीलवाड़ा और जुनैद खान पुत्र राजू खान निवासी चेम्बूर नाका, मच्छी मार्केट (मुम्बई) हाल चपरासी कॉलोनी थाना प्रतापनगर, भीलवाड़ा, देवेन्द्र पुत्र रामलाल कलाल निवासी गुरूनानक कॉलोनी थाना कोतवाली बूंदी को गिरफ्तार किया। आरोपियों से जप्त किये गये मोबाइल एवं सिमों के विश्लेषण से तथा आरोपियों के पूछताछ से ज्ञात हुआ कि आरोपी टेलीग्राम एवं अन्य एप से चैटिंग कर उसके स्क्रीनशॉट मंगवाकर फिर पुलिस अधिकारी बनकर कॉल करके धमकाते हैं तथा रूपये ऐंठते हैं। रूपये ऐंठने के बाद उक्त रकम अपने साथियों द्वारा उपलब्ध करवाये गये फर्जी बैंक अकाउंटस में ट्रांसफर कर देते हैं। फर्जी खाते उपलब्ध करवाने वाले आरोपी राहुल वरयानी पुत्र भुपेन्द्र वरयानी निवासी नाहर का चोटा थाना कोतवाली बुंदी जिला बुंदी को भी गिरफ्तार किया गया है।




## स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान

**ब्यावर** (निसं) जवाजा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली सेंदड़ा रोड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ठीकराना मेन्द्रातान के छात्र छात्राओं को स्वेटर और जैकेट भामाशाह किशोर सिंह कछवाहा और उनकी धर्मपत्नी वैजन्तीमाला कछवाहा द्वारा बांटे गए।गौरतलब है की इस वर्ष भीषण गर्मी ने भी अपने तीखे तेवर दिखाए थे और बारिश भी अपेक्षाकृत अधिक हुई थी। यहीं कारण रहा की इस बार सर्दी भी कड़ाके की पद रही है और धूजणी रूपी सौगात दे रही है। हालांकि ऐसी कडाके की ठण्ड में प्रशासन ने सरकारी और निजी विद्यालयों का समय दस बजे का कर दिया लेकिन बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं को धुप में बैठने के बावजूद ठंड से निजात नहीं मिल पा रही क्योकि सर्द हवाओ के चलने का भी दौर ज़ारी है।ऐसे हालात के मद्देनज़र भामाशाह द्वारा कक्षा 1 से 11 तक के बच्चों को स्वेटर और जैकेट बांटे गए।इसके अलावा विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी महिलाओं को भी स्वेटर वितरित किये गए।स्वेटर और जैकेट पाकर छात्र छात्राये अति प्रसन्नता से झूम रहे थे।

# राजा बलि की कथा का रोचक वर्णन

■ डॉ. भारती व्यास ने राजा बलि के त्याग, दान और भक्ति के गुणों को जीवंत कर दिया

**पुष्कर** (निसं)। राजस्थान पुष्कर, उत्तराखंड भवन में श्री केसव संगिनी सेवा न्यास प्रसिद्ध कथावाचक डॉ. भारती व्यास ने हाल ही में पुष्कर में आयोजित धार्मिक समारोह में श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन राजा बलि की कथा पर केंद्रित किया। उन्होंने अपने मनमोहक अंदाज में राजा बलि के त्याग, दान और भक्ति के गुणों को जीवंत कर दिया।

डॉ. व्यास ने राजा बलि के जीवन की विभिन्न घटनाओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे श्रोता भावविभोर हो उठे। उन्होंने राजा बलि और वामन अवतार के बीच हुई लीला को विस्तार से समझाया और बताया कि कैसे राजा बलि ने अपने सभी स्वामित्व को भगवान को समर्पित कर दिया। राजा के संकल्प लेने के बाद वामन देव ने अपना आकार बड़ा कर एक पग में पृथ्वी और दूसरे पग में स्वर्ग नाप लिया। इसके बाद उन्होंने राजा से कहा कि अब मैं तीसरा पग कहां रखूं? ये सुनकर राजा बलि का अहंकार टूट गया। तब बलि ने कहा कि तीसरा पग आप मेरे सिर पर रख सकते हैं। बलि की दान वीरता देखकर वामन देव प्रसन्न हुए और उसे पाताल लोक का राजा बना दिया। कथा के दौरान श्रोता पूरी तरह मंत्रमुग्ध थे। उन्होंने डॉ. व्यास के प्रत्येक शब्द को गौर से सुना और उनकी बातों को अपने हृदय में उतारा। कथा के अंत में श्रोताओं ने डॉ. व्यास का अभिनंदन किया और उन्हें आशीर्वाद दिया।

श्री केशव संगिनी सेवा न्यास के संरक्षक राजेंद्र व्यास ने कहा पुष्कर में आयोजित यह धार्मिक उत्सव भक्तों के लिए एक बड़ा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# 11वीं राज्यस्तरीय अंतर संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता

**अजमेर,** (कासं)। पटेल मैदान में शनिवार को 11वीं राज्य स्तरीय अंतर संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विधानसस्भा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि खेल प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। राजकीय सेवा में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए। अधिकतर समय राजकीय कार्य में व्यस्त रहने से अपने लिए कम समय मिलता है। खेल उन्हें अपने लिए समय निकालने का अवसर देते हैं। वे खेल के माध्यम से नई ऊर्जा से सराबोर होंगे। यह ऊर्जा उनके दैनिक जीवन को अधिक कार्यशील करेगी। वे अपने कर्तव्यों का भली-भांति निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के तन-मन और जीवन को स्वस्थ रखते हैं। शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। ऐसे व्यक्ति अधिक स्फूर्ति के साथ कार्य करने में सक्षम होते हैं। अधिकारी एवं कर्मचारी खुले मन मस्तिष्क के साथ जनता की सेवा कर पाएंगे। खेलों से आपसी प्रेम और सामंजस्य बढ़ेगा। खेल हमें या तो जीतने का या फिर सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। हार या जीत जैसा कुछ भी नहीं होता है। श्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने कहा कि खेल जीवन में जीतने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

## बार संघ पदाधिकारियों का स्वागत

**ब्यावर** (निसं) उदयपुर रोड स्थित रजिस्टार कार्यालय के सामने महेंद्र कुमार पीयूष कुमार रांका के कार्यालय पर नवनियुक्त बार कार्यकारिणी और जीतो यूथ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शहर के वरिष्ठ दस्तावेज़ नवीश और भामाशाह महेंद्र कुमार रांका ने बार के नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप गोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तुषार दुबे, उपाध्यक्ष ऋषिराज सिंह, सचिव नरेंद्र कुमार शर्मा, सहसचिव विजय कुमार फुलवारी, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा एवं कार्य कारिणी सदस्य विजय पारीक, विकास चौहान ,मुकेश जटिया,महेंद्र सिंह चौहान,रहमत काठात,अविनाश खटवा व अन्य साथियों का माल्यार्पण किया।

## गांव जाटावास में खुला पशु उप स्वास्थ्य केंद्र

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू के प्रयास लाए रंग। मेड़ता ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेन के लिए विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने स्वीकृत करवाई एंबुलेंस। एंबुलस रेन सीएचसी पहुंचने पर विधायक लक्ष्मण राम कलरु सहित ग्रामीणों ने इसका शुभारंभ किया । वही रेणवासियों ने विधायक कलरु का आभार जताया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शंकर भादू, पंचायत समिति सदस्य गोविंद बिश्नोई, वरिष्ठ भाजपा नेता भीकमचंद व्यास, श्याम लखारा, इंदरचंद मेघवाल, श्रवण लटियाल, भागीरथ बिश्नोई , डॉ महेंद्र विश्नोई, बजरंग विश्नोई, अनिल कुमार, मनोज सही अनेक ग्रामीण भी मौजूद रहे।

**पशु चिकित्सालय हुए स्वीकृतः-** मेड़ता लोकप्रिय विधायक लक्ष्मण राम कलरू लगातार मेड़ता की जनता के बारे में व विकास की सोच पर लगातार कायम है । हर सेशन में मेड़ता विधानसभा को कुछ ना कुछ दिलाने का प्रयास ही करते हे इसके चलते मेड़ता विधानसभा के ग्राम चुंदिया व जाटवास में पशु चिकित्सा उप केंद्र खुलने की स्वीकृति हुई।

### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**मूल आवंटी अंतरिति की मृत्यु पर उतराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामांतरण हेतु आम सूचना का प्रारूप**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की थोक तेलियान योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखंड संख्या 1/436, G-2 खसरा संख्या 2320, 2321 क्षेत्रफल 191.60 वर्गगज के आवंटी/अंतरिति श्री तोलाराम कुमावत पुत्र श्री गोविंद राम कुमावत निवासी 1/436, माकड़वाली रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 22/08/2015 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसो क्रमशः श्रीमती विमला देवी कुमावत पत्नी स्वर्गीय तोलाराम कुमावत निवासी 1/436 केशव नगर, वैशाली नगर, अजमेर द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामांतरण किए जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रशासन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### कार्यालय जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी, जिला भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक/परि/भील/2024-25/3771 दिनांक 31/12/2024

**नोटिस**

| | |
|---|---|
| वाहन संख्या **RJ06 GB-4537** श्री महावीर प्रसाद गुर्जर पुत्र श्री छगन लाल गुर्जर निवासी फुलिया खुर्द, जिला भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स. 3712 दिनांक 12.12.2024 फाईनेंसर– **SUNDARAM FINANCE LTD.** | वाहन संख्या **RJ06-GC-9303** श्री राजेश यादव पुत्र श्री अच्छे लाला यादव निवासी नया रायसिंहपुरा, त० बनेड़ा, जिला भीलवाला नोटिस फार्म 37 पत्र क्रस 3770 दिनाक 19.12.2021 फाईनेंसर **TATA MOTORS FINANCE LTD.** |
| वाहन संख्या **RJ06-UB-5742** श्री गोपाल लाल लोहार पुत्र श्री बालू लाल लोहार निवासी बातेरी, थाना, त० माण्डल, जिला भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स. 3371 दिनांक 05.12.2024 फाईनेंसरः **SK FINANCE LTD.** | वाहन संख्या **RJ06-GC-9138** श्री सुखदेव खण्डेलवाल पुत्र श्री कृष्ण गोपाल खण्डेलवाल निवासी प्रो. एस. एस. कन्सट्रक्शन, कालियास रोड, ब्राहम्णों की सेरेरी, मोड़ का निम्बाहेड़ा, जिला भीलवाडा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स. 3769 दिनांक 19.12.2024 फाईनेंसरः **TATA MOTORS FINANCE LTD.** |

विषयः फाईनेंसर के नाम फ्रेश आर.सी. जारी करने बाबत।

उक्त वाहन के फाईनेंसरों ने अपने कब्जे में लेकर अपने नाग से फ्रेश आर.सी. जारी करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है कार्यालय के उपरोक्त पत्रांक से रजि० एडी० द्वारा नोटिस भिजवाया गया लेकिन अभी तक उसका कोई पुनः नोटिस प्रत्युतर प्राप्त नहीं हुआ तथा न ही किसी प्रकार की आपति/अभ्यावेदन प्रस्तुत हुआ है। समाचार पत्र में प्रकाशित किया जा रहा है। नोटिस प्रकाशन के सात दिवस तक वाहन की मूल आर. सी. इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दे या जो भी आपत्ति/अभ्यावेदन हो गया साक्ष्य/प्रमाण के अधोहस्ताक्षर कर्ता के रागदा प्रस्तुत कर दें। इस अवधि उपरान्त कोई आपति स्वीकार्य नहीं होगी एवं तत्पश्चात U/S51 (5) OF CMV ACT 1988 के तहत फाईनेंसर के नाम फ्रेश आर.सी जारी कर दी जायेगी।

जिला परिवहन अधिकारी, भीलवाड़ा (राज.)

